स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 27.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के वार्ड 22 श्यामनगर तालाब पार को वृक्षों से आच्छादित करने के लिए वार्ड पार्षद विनोद चेलक, आयुक्त के0एल0 चौहान, उद्यान अधीक्षक पी0सी0 सार्वा ने नागरिकों की उपस्थिति में नीम, शीशम, आम, अमलतास, अशोक, गुलमोहर, आदि के 100 पौधे का रोपण किये।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में आयुक्त ने उपस्थित नागरिकों से कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा, एवं तालाबों का संरक्षण के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है। घने और बड़े वृक्षों से पर्यावरण तो शुद्ध होता ही है तालाब के पार का बचाव भी होता है। उन्होने नागरिकों से कहा कि इस पौधे के वृक्ष बनने तक के देखभाल एवं संरक्षण की जवाबदारी मोहल्ले के नागरिकों को अपने हाथ में लेना होगा तभी आज जो पौधे रोपे गये है वह विशाल वृक्ष का रुप धारण करेगा जिसका लाभ आने वाले समय में आप सब मोहल्ले के वासी उठायेंगे। पार्षद ने मोहल्लेवासियों के तरफ से निगम को आश्वस्त किया कि किये गये वृक्षारोपण को वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने की जवाबदारी हमारी होगी।

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद विनोद चेलक, त्रिलोचन सिंह, डी0 वासु, परसराम साहू, संजय जायसवाल, लतेल राम यादव, शेख समीम, चिन्नाराव, चंदन गुप्ता, विजयलक्ष्मी, निगम के इंजीनियर, चन्द्रकांत साहू, ए0के0 शर्मा, बिरबल, धनबहादुर सोनी, हेमकुमार सहित भारी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

जन सम्पर्क विभाग